राजस्थान सरकार

निदेशालय स्थानीय निकाय विभाग, राज. जयपुर

जी–3, राजमहल रेजीडेन्सी एरिया, सिविल लाईन्स फाटक के पास, सी–स्कीम, जयपुर – 302015

दूरभाष सं. 0141–2222403, 2222805, वेबसाईट : www.cmar-india.org, ईमेल : dlbrajasthan@gmail.com

क्रमांक : प.16(च)/एफएफसी/पीडी/डीएलबी/2020/1041-608 दिनांक 15/06/2020

आयुक्त/अधिशाषी अधिकारी,
नगर निगम/नगर परिषद/नगर पालिका,
समस्त राजस्थान।

विषय :–14 वें वित्त आयोग के अन्तर्गत वर्ष 2020–21 के निर्धारित सर्विस लेवल बैंच मार्क का लक्ष्य प्राप्त करने के संबंध में।

उपरोक्त विषयान्तर्गत लेख है कि विभाग द्वारा 14 वें वित्त आयोग के अन्तर्गत वर्ष 2020–21 हेतु प्रस्तावित, निर्धारित सर्विस लेवल बैंच मार्क का ई–गजट नोटिफिकेशन जारी किया जा चुका है। सर्विस लेवल बैंच मार्क की अधिसूचनाओं का प्रकाशन, ऑन–लाईन ई–गजट पद्धति से, असाधारण राजपत्र में करवाया गया है।

अतः इस संबंध में निर्देशित किया जाता है कि गजट नोटिफिकेशन की प्रति, वेबसाइट www.ard.rajasthan.gov.in से download की जाकर, अपनी निकाय से संबंधित सर्विल लेवल बैंच मार्क के निर्धारित लक्ष्यों को वित्तीय वर्ष 2020–21 में प्राप्त किया जाना सुनिश्चित करें। यहां यह भी उल्लेखनीय है कि उक्त लक्ष्यों की प्राप्ति आगामी वित्तीय वर्ष में परफोर्मेंस ग्राण्ट प्राप्त किये जाने के लिए आवश्यक है अन्यथा 14वें वित्त आयोग से प्राप्त होने वाली परफोर्मेंस ग्राण्ट से वंचित रहना पडेगा जिसके लिए आप स्वयं उत्तरदायी होगें।

गजट नोटिफिकेशन की प्रति वेबसाईट से निम्न प्रणाली अनुसार डाउनलोड/प्राप्त की जा सकती है:–

www.ard.rajasthan.gov.in
↓
Menu
↓
E-Gazette
↓
Search e-gazette
↓
Select Department Name-Local Self Government
↓
Click Search
↓
Table as below-

SrNo	Date of Publication	Document Category	Part Number	Statutory Notification Number	Sub Department Name	Document Type	Document
1	10-06-2020	Statutory Notification	Part 6 (A)	414	Directorate of local bodies	Statutory Notification /Order	-

(उज्ज्वल राठौड़)
निदेशक एवं संयुक्त सचिव

क्रमांक : प.15(च)/एफएफसी/पीडी/डीएलबी/2020/10603-616 दिनांक : 15/06/2020

प्रतिलिपि :— सूचनार्थ व आवश्यक कार्यवाही हेतु :—

1. निजी सचिव, शासन सचिव, स्वायत्त शासन विभाग, राजस्थान जयपुर।
2. निजी सचिव, निदेशक एवं संयुक्त सचिव, स्वायत्त शासन विभाग।
3. मुख्य अभियन्ता (मुख्यालय) जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग, जयपुर को भेजकर लेख है कि सर्विस लेवल बैंच मार्क का गजट नोटिफिकेशन उक्त वेबसाईट से download कर सभी नगर निकायों की वाटर सप्लाई से सम्बन्धित बैंच मार्क के लक्ष्यों को वित्तीय वर्ष 2020—21 के अंत तक प्राप्त किया जाना सुनिश्चित करावें।
4. श्री संजीव रंजन, नेशनल कोर्डिनेटर, शहरी विकास मंत्रालय कमरा नं. 312—बी, निर्माण भवन मौलाना आजाद रोड, नई दिल्ली—110001
5. उपनिदेशक क्षैत्रीय, (जयपुर, जोधपुर, बीकानेर, कोटा, अजमेर, उदयपुर, भरतपुर) को भेजकर लेख है कि गजट नोटिफिकेशन, उक्त वेबसाईट से download कर आपके अधीनस्थ नगर निगम, नगर परिषद व नगर पालिकाओं से सर्विस लेवल बैंच मार्क के लक्ष्यों की प्राप्ति सुनिश्चित करावें।
6. मुख्य लेखाधिकारी, (प्लान/नॉन प्लान)
7. सिस्टम एनालिसिस्ट निदेशालय को भेजकर लेख है कि उपरोक्त गजट नोटिफिकेशन को विभागीय वेबसाईट पर अपलोड करें।
8. सिटी मैंनेजर एसोसिएशन राजस्थान (CMAR), निदेशालय जयपुर को भेजकर लेख है कि उपरोक्त गजट नोटिफिकेशन को वेबसाईट पर अपलोड करें।
9. सुरक्षित पत्रावली।

15/6

(सुरेश चन्द गुप्ता)
परियोजना निदेशक

Scanned with CamScanner